### एक नजर में

## रतलाम के 31 हजार 869 किसानों ने ई-टोकन जनरेट कर किया उर्वरक वितरण

**रतलाम।** म.प्र. शासन और कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिले में ई विकास प्रणाली (ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण) के माध्यम से खाद का वितरण उर्वरक वितरण केन्द्रों से किया जा रहा है। ई विकास प्रणाली के माध्यम से जिले के 31869 किसानों द्वारा ई-टोकन जनरेट कर किसानों को उर्वरक वितरण किया गया है। उप संचालक कृषि श्री आर के सिंह ने बताया कि 01 अप्रेल से 103 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के माध्यम से 13545, विपणन संघ के 10 वितरण केन्द्र एवं एम.पी.एग्रो के 1 गोदाम के माध्यम से 3606 तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से 15753 किसानों को खाद वितरण किया गया है। ई विकास प्रणाली के अंतर्गत छोटे, मध्यम एवं बडे कास्तकारों ने भी आवश्यकतानुसार बोई गई एवं बोई जाने वाली खरीफ फसलों के लिए ई-टोकन जनरेट कर उर्वरक प्राप्त किया गया है। ई-टोकन प्रणाली किसानों हेतु सुगम बनाने के लिए निरंतर कार्य प्रगतिरत है। जिले में यूरिया 11303 मे.टन, डीएपी 2269 मे.टन, पोटाश 506 मे.टन, एन.पी.के. 7026 मे.टन एवं एसएसपी 6564 मे.टन. कुल 27670 मे.टन उर्वरकों का भण्डारण पर्याप्त मात्रा में है। जिले में जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टेक) नहीं बनी है ऐसे 1025 किसानों के प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें भी ई-टोकन के माध्यम से खाद उपलब्ध कराया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत वार्ड 22 और 23 में योग शिविर आयोजित



**रतलाम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में महापौर प्रहलाद पटेल की पहल पर नगर निगम एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में शहर में योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 में योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। शिविर में योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए नियमित योग के लाभ बताए। इस अवसर पर वार्ड 22 के पार्षद अक्षय संघवी एवं वार्ड 23 के पार्षद विशाल शर्मा की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। योग शिविर में उत्तम शर्मा, मीणा भावसार, नित्येंद्र एम. आचार्य, सीमा वर्मा, राजश्री सोनी तथा मेघा जी ने योग सेवाएं प्रदान कीं।

## जैविक हाट बाजार में 55450 रुपए से अधिक के जैविक उत्पादों की हुई बिक्री

**रतलाम।** परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश ने बताया कि रविवार को जिले में आयोजित जैविक/ प्राकृतिक हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया। हाट बाजार में कुल 7 जैविक कृषक अपने उत्पाद लेकर पहुंचे और उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जैविक उत्पादों की खरीदारी की। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु द्वारा अनाज, दालें, सब्जियां, फल, केसर आम एवं मूंगफली का 26200 रुपये का विक्रय किया गया। उमेश धाकड़ (बांगरोद) द्वारा घी एवं दूध 3400 रुपये का, दिलीप पाटीदार (करिया) द्वारा देसी घी 22000 रुपये का, नर्सिंग कालजी पीपलघाटी द्वारा जैविक सब्जियां 1200 रुपए का, तेजराम सांखला द्वारा जैविक सब्जियां 950 रुपये का, नंदकिशोर पटेल लुनेरा द्वारा जैविक सब्जियां 1200 रुपये का एवं प्रवीण पाटिल रतलाम द्वारा जैविक सब्जियां का विक्रय किया गया। जैविक हाट बाजार में कुल 55450 रुपये से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय हुआ।



## नामली, आलोट और बाजना में आज से 17 जून तक जनकल्याण शिविर होंगे आयोजित

**रतलाम।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के मध्य जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत कलेक्टर मती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले के विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी जनकल्याण शिविर सीईओ जिला पंचायत सु वैशाली जैन ने बताया कि जिले में 15 , 16 एवं 17 जून को नगर परिषद नामली एवं नगर परिषद धामनोद अंतर्गत टप्पा तहसील नामली में शिविर आयोजित किया जाएगा । इसी प्रकार जनपद आलोट, नगर परिषद आलोट एवं नगर परिषद ताल अंतर्गत कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी आलोट में एवं जनपद बाजना अंतर्गत जनपद बाजना में भी 15,16 एवं 17 जून को तीन दिन तक लगातार शिविर आयोजित किये जाएगे। शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियो को शासन की योजनाओं में हितलाभ प्रदान किए जायेगे । साथ ही शिविर स्थल पर आधार संबंधित सेवाए,समग्र एवं बैंक संबंधित सेवाए भी प्रदान की जा रही है।

# सर्राफा में डकैती की साजिश नाकाम, अंतरराज्यीय पारदी गैंग गिरफ्तार

- 6 बदमाश हथियारों और हाईड्रोलिक कटर समेत पकड़ाए, एक फरार
- कई आरोपी डकैती, चोरी और लूट के मामलों में आरोपी



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के व्यस्ततम सर्राफा बाजार में बड़ी डकैती की साजिश को स्टेशन रोड पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। पुलिस ने एक अंतरराज्यीय पारदी गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घातक हथियार, हाईड्रोलिक कटर और नकबजनी में उपयोग होने वाले औजार बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी चांदनी चौक स्थित सर्राफा बाजार की किसी बड़ी ज्वेलर्स दुकान को निशाना बनाने की तैयारी में थे।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में जिलेभर में रात्रि गश्त और अपराधियों पर निगरानी बढ़ाई जा रही है। इसी दौरान स्टेशन रोड थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह जादौन को मुखबिर से सूचना मिली कि पंचपीर दरगाह के समीप उंकाला रोड पर 6-7 संदिग्ध व्यक्ति हथियारों के साथ बैठे हैं और बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार और नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में तीन विशेष टीमों का गठन कर कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कैलाश मोंगिया, मेहरसिंह उर्फ नेहरिया, नामेश उर्फ सोल्जर, प्रभात उर्फ चेतन, निखिल मोंगिया और वजूद उर्फ अंगद के रूप में हुई है। सभी आरोपी मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों के निवासी हैं और पारदी गैंग से जुड़े बताए जा रहे हैं। जांच में सामने आया है कि इनके खिलाफ पूर्व में भी चोरी, लूट और डकैती जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। आरोपी प्रभात उर्फ चेतन बुरहानपुर जिले के नेपानगर क्षेत्र में हुई एक बड़ी डकैती का फरार इनामी आरोपी भी है। कई आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंट भी लंबित हैं।

पुलिस के अनुसार वारदात से पहले स्थानीय स्तर पर रेकी करने का काम रतलाम निवासी दिनेश हांडा कर रहा था, जो कार्रवाई के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं। थाना स्टेशन रोड में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 458/2026 के तहत धारा 310(4), 310(5) बीएनएस तथा 25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस अब गैंग के अन्य सदस्यों, उनके नेटवर्क और प्रदेश के विभिन्न जिलों में की गई संभावित वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह जादौन, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह कनेश, उपनिरीक्षक विजय सिंह बामनिया सहित पुलिस टीम के कई अधिकारियों और जवानों की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर के व्यापारियों और सर्राफा व्यवसायियों ने राहत की सांस ली है।

### पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर किया गिरफ्तार

पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर छह आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक तलवार, फालिया, गुप्ती, टॉमी, डंडा, गुलेल, हाईड्रोलिक कटर, पेचकस और अन्य उपकरण बरामद हुए। पुलिस का मानना है कि इन औजारों का उपयोग ज्वेलरी शोरूमों के शटर, ताले और सुरक्षा व्यवस्थाओं को तोड़ने में किया जाना था।

## 14 जुलाई को निकलेगी भव्य रथ यात्रा, गूंजेंगे भजन

- पत्रिका आलेखन का कार्य शुभ मुहूर्त में सम्पन्न



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ 'एक शाम श्री सोनाणा खेतलाजी के नाम' भजन संध्या का आयोजन 14 जुलाई को सेठिया मैरिज गार्डन में होगा। यह आयोजन श्री सोनाणा खेतलाजी के भक्त स्व. शांतिलाल लादाजी भंडारी की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके उत्तराधिकारी एवं राज राजेंद्र भंडारी के सानिध्य में संपन्न होगा।

आयोजन की तैयारियों के तहत रविवार को जयंतसेन धाम पर निमंत्रण पत्रिका आलेखन का शुभ कार्य विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं एवं अतिथियों ने कंकू, चावल और केसर से पूजन कर इष्टदेवों के नाम निमंत्रण पत्रिका का आलेखन किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंकीत भटेवरा ने बताया कि विगत 13 वर्षों से श्री सोनाणा खेतलाजी भक्त मंडल द्वारा भक्तों के सहयोग से यह आयोजन निरंतर किया जा रहा है। पत्रिका आलेखन के बाद श्रद्धालु जयकारों के साथ चल समारोह के रूप में जयंतसेन धाम स्थित तीर्थंकर भगवान श्री मुनीसुव्रत स्वामी मंदिर पहुंचे, जहां पत्रिका अर्पित की गई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। नवीन झामर, रखबंचदजी खेड़ावाला, सियाल परिवार, गणेश वोहरा, श्रेयांश सकलेचा, अर्पित सकलेचा, अजय मेहता, निखिल मोदी, सुभाष सिंगावत, सुनील व्यास, दिलीप छिपानी, राजेन्द्र तलेरा, सुनील मूणत, आजाद मेहता, हर्ष लुणावत, सज्जनलाल मेहता आदि मौजूद रहे।

## खेत में पलटा ट्रैक्टर युवक की दबने से मौत

**रतलाम।** जिले के सरवन थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा ग्राम बड़ीकला के एक खेत में हुआ, जहां ट्रैक्टर के नीचे दब जाने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामदेव (20), पिता कालूसिंह निनामा, निवासी ताराघाटी, थाना सरवन शुक्रवार को ग्राम बड़ीकला स्थित खेत पर कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वह उसके नीचे दब गया। हादसा इतना गंभीर था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना कमरु पिता बातुड़ा निनामा, निवासी बड़ीकला द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर सरवन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की।



## मुख्यमंत्री ने जिले की 2 लाख 47 हजार 853 लाड़ली बहनों को राशि अंतरित की

**रतलाम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज सागर जिले के ग्राम केसली में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत लाड़ली बहनों को 1500 प्रति बहन की दर से 36 वी किस्त राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। लाडली बहना योजना अंतर्गत रतलाम जिले की 247853 लाड़ली बहनों को 362651500 रुपये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित किये गये। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट प्रसारित किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से जिला स्तर पर महिला एवं बाल विकास कार्यालय में एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आंगनवाड़ी केंद्रों पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लाड़ली बहना हितग्राही महिलाएँ उपस्थित थी।

## सड़क हादसे और ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**रतलाम।** जिले में दो अलग-अलग हादसों में एक किशोर और एक युवक की मौत हो गई। पहले मामले में धार जिले के बदनावर थाना क्षेत्र के ग्राम छायन निवासी अर्जुन चौहान (15) की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार 12 जून की शाम झील कंपनी के गेट के सामने छायन क्षेत्र में हुए हादसे में अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां 13 जून को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। दूसरी घटना में दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के ईश्वर नगर रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रवि उर्फ आंध्या (35), निवासी नीम चौक, थाना माणकचौक रतलाम के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत ट्रेन से टकराने के कारण आई गंभीर चोटों से होना प्रतीत हो रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा।

## महक संस्था के रजत जयंती काव्य महोत्सव में सजी साहित्य की महफिल



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नगर की अग्रणी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था महक कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित रजत जयंती काव्य महोत्सव साहित्य, संस्कृति और सृजनशीलता का भव्य उत्सव बन गया।

गुलाब चक्कर पर आयोजित इस समारोह में कवियों, शायरों, साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार आलोक रंजन त्रिपाठी व अध्यक्षता भूपेन्द्र सिंह राठौर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिशंकर भटनागर एवं प्रभुलाल रावल उपस्थित रहे। समारोह में प्रभुलाल रावल की पुस्तक सहज संस्कृति का विमोचन भी किया गया। अब्दुल सलाम खोखर ने बेटियों पर आधारित मार्मिक रचना प्रस्तुत की, वहीं सुनील निरंजन ने महक संस्था की साहित्यिक पहचान को शब्द दिए। स्नेहलता धाकड़ की बाल कविता और संजय परसाई 'सरल' की राष्ट्रभावना से ओतप्रोत प्रस्तुति को भी खूब सराहना मिली। डॉ. मोहन परमार, सुरेश ठाकुर, सतीश तिवारी, पंकज व्यास, शांतिलाल शांतनु सहित अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। गजल सत्र में अमीर उद्दीन अमीर, डॉ. फरीद शेख, तौफीक छिपा, फैजल खान, निसार पठान, शरीफ खोखर और शादाब खान ने अपनी प्रस्तुतियां दी। संचालन नरेन्द्र त्रिवेदी व संस्था के संस्थापक अध्यक्ष मोडीराम सोलंकी 'एकांत' ने आभार माना।

## विश्व रक्तदान दिवस : रेडक्रॉस के आह्वान पर 311 यूनिट रक्त एकत्रित



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला रतलाम के आह्वान पर जिले में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किया, जिनमें बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने सहभागिता निभाते हुए रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक, मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक तथा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जावरा सहित विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से कुल 311 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी रतलाम के चेयरमैन प्रितेश गादिया ने अपनी बात रखी। रक्तदान अभियान में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जावरा, बढ़ावदा सेवा समिति, अंकित कटारिया मित्र मंडल रतलाम, लायंस क्लब जावरा, परस्पर संस्था रतलाम, खुशी एक पहल संस्था रतलाम तथा भारत विकास परिषद जावरा सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों ने अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाकर रक्तदान करवाया। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन सुशील मूणत, कोषाध्यक्ष संजय लूनिया तथा संचालक मंडल के सदस्य हेमंत मूणत, राजेश राका, दिनेश बरमेचा एवं सुलोचना शर्मा उपस्थित रहे। अन्य संस्थाओं के सदस्य अंकित कटारिया, महेश अग्रवाल, अमन माहेश्वरी, वीरेंद्र सिसोदिया, धर्मेंद्र तोमर, शेखर नाहर, राजेश पोरवाल एवं अन्य सदस्यों द्वारा रक्तदाताओं का प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मान किया गया।

## जहरीला पदार्थ सेवन करने वाली महिला की इलाज के दौरान मौत

**रतलाम।** जहरीले पदार्थ के सेवन से एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गाबाई (34), पति संतोष, निवासी पिपलीपाड़ा, थाना बदनावर, जिला धार ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग क्रमांक 62/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज किया।

मामले की जांच उपनिरीक्षक जोरसिंह द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि महिला द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन करने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही घटना के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## जावरा विधानसभा को 9 नए डॉक्टरों की सौगात

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और बड़ी सफलता मिली है। क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय के अथक और निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप क्षेत्र को 9 नए चिकित्सकों (डॉक्टरों) की सौगात मिली है।

इस नियुक्ति से क्षेत्र की जनता और स्वास्थ्य विभाग में हर्ष का माहौल है। सिविल हॉस्पिटल जावरा के प्रभारी डॉ. दीपक पालड़ीया, सीबीएमओ जावरा डॉ. शंकरलाल खराड़ी, सीबीएमओ पिपलौदा डॉ. पवन पाटीदार और प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. राजेंद्र पांडेय लंबे समय से विधानसभा क्षेत्र के चिकित्सालयों में रिक्त पदों को भरने के लिए प्रयासरत थे। वे इस विषय में मुख्यमंत्री मोहन यादवऔर उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला के निरंतर संपर्क में थे। विधायक डॉ. पांडेय की इसी अनुशंसा और संवेदनशीलता के आधार पर स्वास्थ्य विभाग, भोपाल द्वारा इन 9 डॉक्टरों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं।

**कहां, किस डॉक्टर की हुई नियुक्ति:** नए डॉक्टरों को जावरा विधानसभा के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें पिपलौदा सिविल हॉस्पिटल में डा राज खराड़ी, डा सोनिया डामोर, डा मनीष परमार, डा मयंक सिसोदिया, जावरा सिविल हॉस्पिटल में डा भूमिका शर्मा, ढोढर में डा शीतल चौहान, सुखेडा में डा वर्षा जाट, कालूखेड़ा में डा वीरेंद्र डोडियार एवं पंचेवा में डा आर्या नीमा की नियुक्ति हुई है। डा पांडेय के प्रयासों से चिकित्सको की नियुक्तियों से आमजन में हर्ष व्याप्त है। बीते दिनों उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विधायक डॉ. पांडेय को रिक्त पदों को भरने का जो आश्वासन दिया था, वह इस सूची के साथ पूरा हो गया है। डॉक्टरों की इस तैनाती से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की चिकित्सा व्यवस्था बेहद मजबूत होगी। विधायक डॉ. पांडेय द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सदैव प्राथमिकता दी गई है। उनके प्रयासों से क्षेत्र में अब तक बड़े कार्य स्वीकृत व संचालित हुए हैं।

## शर्मा परिवार ने अन्नक्षेत्र जन कल्याण समिति को भेंट की टाइमर मशीन

**जावरा।** नगर में नर सेवा को ही नारायण सेवा मानकर कार्य कर रही अन्नक्षेत्र जन कल्याण समिति को जनहित के कार्यों में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से शर्मा परिवार द्वारा एक आधुनिक फिजियोथेरेपी मशीन भेंट की गई। यह पुनीत कार्य नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर. एन. मंडवारिया और डॉ. अतुल मंडवारिया की सत्प्रेरणा से किया गया। संजय कॉम्प्लेक्स निवासी शर्मा परिवार ने अपने भांजे स्वर्गीय सार्थक शर्मा (सुपुत्र निकिता-बंसीलाल शर्मा, धामनोद) की पुण्य स्मृति में यह मशीन दान की है। स्वर्गीय सार्थक के नाना-नानी श्रीमती सुशीला-चिंतामणि शर्मा एवं मामा विवेक शर्मा व संयम शर्मा द्वारा अन्नक्षेत्र जन कल्याण समिति के सुभाष जैन को फिजियोथेरेपी के लिए 2 चैनल टीईएमएस विथ टाइमर मशीन सप्रेम भेंट की गई। इस मशीन के सुलभ होने से नगर के जरूरतमंद मरीजों को फिजियोथेरेपी उपचार में काफी सहूलियत मिलेगी। सुशीला मंडवारिया, सेवानिवृत्त शिक्षक मांगीलाल जेलवाल, किरण चौरडिया, मनोहर पांचाल, जयदीपसिंह डोडिया और गोपाल विदा की विशेष उपस्थिति रही। सभी उपस्थितजनों ने शर्मा परिवार के इस सेवाभाव की सराहना की और स्व. सार्थक शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**एक नजर में** — शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, विक्रम विश्वविद्यालय की लापरवाही और नए नियमों से छात्रों में आक्रोश

## नवीन शिक्षा नीति, प्रवेश नियमों के विरोध में छात्रों का आंदोलन



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** स्थानीय भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय के छात्रों ने आज नवीन शिक्षा नीति की विसंगतियों, प्रवेश प्रक्रिया में मनमाने बदलावों और विक्रम विश्वविद्यालय की लगातार हो रही लापरवाहियों के विरोध में उच्च शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन प्राचार्य डा विघा तिवारी को सौंपा।

छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो पूरी छात्रशक्ति उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। महाविद्यालय के छात्र नेता जितेंद्र यादव और दीपक पाटीदार नेवली के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में मुख्य रूप से तीन गंभीर मुद्दों पर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है। छात्र नेताओं ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि शासन और कॉलेज प्रशासन ने इन तीनों बिंदुओं पर त्वरित संज्ञान लेकर छात्रों को राहत नहीं दी, तो उग्र कदम उठाए जाएंगे, जिसकी समस्त जवाबदारी शासन और कॉलेज प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र उपस्थित थे।

### लापरवाही : 65 प्रतिशत छात्रो को पूरक या अनुत्तीर्ण दर्शाया

ज्ञापन में विक्रम विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। छात्रों ने आरोप लगाया कि हाल ही में घोषित हुए वाणिज्य और विज्ञान संकाय के तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणामों में 65 प्रतिशत विद्यार्थियों को पूरक या अनुत्तीर्ण दर्शाया गया है। छात्रों का कहना है कि यह उनकी योग्यता नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की घोर लापरवाही का नतीजा है, जिसे बार-बार ध्यान दिलाने के बाद भी सुधारा नहीं जा रहा है।